माधुर्य लहरी

(निम्बार्कमत का काव्य-ग्रन्थ)

रचयिता—

श्रीकृष्णदास जी

सर्व्वेश्वरो जयति

श्रीनिम्बार्कमहामुनीन्द्राय नम

माधुर्य लहरी

(निम्बार्कमत का काव्य ग्रन्थ)

रचयिता

श्रीकृष्णदास जी

सम्पादक—

केशवदेव शर्मा "प्रपन्न"

प्रकाशक—

बाबा श्रीविहारीदास जी "त्यागी"

गौतम ऋषि का आश्रम, बाराह घाट,

वृन्दावनधाम ।

दो शब्द

वृन्दावन के पावन धाम म पनपने वाले वैष्णव मता म श्री निम्बार्काचार्य का मत अन्यतम है। इनकी आध्यात्मिक दृष्टि भेदाभेद वाद की है जो भारतीय दर्शन के इतिहास म एक नितान्त प्राचीन वाद है। मध्ययुग म आचार्य निम्बार्क इसके प्रतिष्ठित प्रतिनिधि ह। ब्रह्मसूत्र के रचयिता बादरायण अपने ग्रन्थ म भेदाभेदवादी आचार्य औडुलोमि तथा आश्मरथ्य के मता का सादर उल्लेख किया है। शंकरपूर्व आचार्या म भर्तृप्रपञ्च इसी मत के अनुयायी थे तथा शंकरपश्चात् युग मे भास्कर का भी यही मत था। निम्बार्क मत म उपास्य देव श्री राधाकृष्ण हैं जो 'सर्वेश्वर' के नाम से विशेषत उल्लिखित किये जाते ह।

प्रस्तुत ग्रन्थ इसी मत से सम्बन्ध रखता है इसके रचयिता है—'कृष्णदास' जो काशीमण्डल के ही निवासी थे। ग्रन्थ के अन्त मे उनका परिचय इस प्रकार उपलब्ध होता है।

विन्ध्य निकट तट सुर्धुनी, गिरजा पत्तन ग्राम।
हरिभक्तन कै आश्रै, कृष्णदास विश्राम॥
ग्रन्थ माधुर्य्य सुलहरि, अस कहियै जाको नाम।
कृष्णदास मुख श्री कृपा, प्रगट भयो ता ठाम॥
अष्टादश सत लीजियै, सम्बत् बावन संग।
भाद्र मास सुखसिंधु, श्री जन्मारम्भ तरंग॥
तिरपन सम्बत् को अमल, अति वैसाख सुमास।
लहरि माधुरी सुख लह्यौ, सपूरन बन आस॥

इससे पता चलता है कि वे विन्ध्याचल के पास गंगा के तीरस्थित किसी गिरिजापत्तन के निवासी थे। ग्रन्थ की समाप्ति १८५३ सम्वत् म हुई थी।

यह ग्रन्थ इस प्रकार डेढ़ सौ वर्ष प्राचीन है। ग्रन्थकार निम्बार्क मत के अनुयायी ह। उन्होने व्रजमण्डल के सत आवरणा या मण्डला का वर्णन बड़े

ही समारोह के साथ किया है। भगवान् राधिकारमण के सखाओ का तथा रासेश्वरी श्री राधिका की रूपमाधुरी तथा सखीसमाज का जो वर्णन यहाँ प्रस्तुत किया गया है वह भागवत शास्त्रानुरूप है। राधाकृष्ण के विविध विलासो के भक्तिमय वित्ररण करने मे कवि ने अपनी शक्ति का अच्छा परिचय दिया है। ग्रन्थ वैष्णव भक्ता के मनन की वस्तु है। काव्य की दृष्टि से इसमे भले ही त्रुटि दीख पडे, परन्तु भक्ति की दृष्टि से निरखने वाले भक्तो के लिए यह सर्वथा मनोज्ञ, सरस तथा रोचक प्रतीत होगा।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन के लिए वृन्दावन के बाबा विहारीदास जी "त्यागी" हमारे धन्यवाद के पात्र हैं। ग्रन्थ के सम्पादन मे उतनी सावधानी न होने पर भी यह बहुत कुछ शुद्ध छपा है। आशा है कि प्रकाशक महोदय अन्य ग्रन्थो का भी इसी प्रकार उद्धार कर भक्त तथा काव्य-रसिक दोनों का कल्याण साधन करते रहेंगे।

काशी,
५-२-५०

—बलदेव उपाध्याय

—· परिचय ·—

मा‌धुर्य लहरी' के कर्ता श्री कृष्णदास जी निम्बार्क सम्प्रदाय में दीक्षित भक्त थे। ये मिर्जापुर के निकट गंगा तट पर गिरिजापत्तन नामक ग्राम में रहते थे। इन्होंने अपने को हरिभक्तदास का शिष्य बतलाया है इनके नाम पर खोज में कई ग्रन्थ चढे हुये हैं पर छानबीन करने से पता चला वस्तुतः इनके तीन ही ग्रन्थ हैं।

१—"माधुर्य्य लहरी" (रचनाकाल १८५२ से १८५३ तक) २—"भागवत भाषा" (रचनाकाल १८५२ से १८५३ तक) ३—"भागवत माहात्म्य" (रचनाकाल १८५५)

खोज में इनके नाम पर एक मंगल भी मिलता है किन्तु इनकी रचना न होकर श्री विहारिनिदास जी के शिष्य श्री नागरीदास जी की है।

खोज में "गिरजापुर" व मिर्जापुर या गाजीपुर मानने की संभावनायें भी प्रगट की गयी हैं। पर गिरजापत्तन या गिरजापुर ग्राम मात्र था या कोई बड़ा जनपद रहा होगा, मिर्जापुर या गाजीपुर से उसका कोई सम्बन्ध नहीं जान पड़ता, समुचित सामिग्री के अभाव में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता।

कृष्णदास जी केवल अनुवादक ही न थे, उनमें स्वतन्त्र निर्माण की शक्ति भी थी, "माधुर्य्य लहरी" नाम का ग्रन्थ उन्होंने स्वतन्त्र रूप से प्रस्तुत किया है, वह आकार प्रकार में बहुत बड़ा है। यह हिन्दी में ही कविता नहीं कर सकते थे, संस्कृत में भी लिखने की क्षमता इनमें थी इसका प्रमाण मंगलाचरण के संस्कृत श्लोकों और उपसंहार की संस्कृत रचनाओं से मिल जाता है।

"माधुर्य्य लहरी" में राधाकृष्ण की साम्प्रदायिक लीला का विस्तृत कथाबद्ध वर्णन है। ग्रन्थ में काव्यगत चमत्कार का प्रभाव और भावगत रसात्मकता का प्राचुर्य्य है, कवि की रचना में काव्य गुणों का सद्भाव और दोषों का अभाव है, इससे यह निःसंकोच कहा जा सकता है कि कवि में अच्छी क्षमता थी।

हिन्दी में प्राचीन काव्यों का अनुशीलन भी कम हो रहा है, और उनका प्रकाशन भी न्यूनातिन्यून, अधिकतर वे ही प्राचीन ग्रन्थ छपा करते हैं जो धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, या पाठ्यक्रम में चलते हैं। हिन्दी की संस्थायें भी प्राचीन ग्रन्थों का छापना बन्द करके पाठ्य पुस्तकों के प्रकाशन में लीन हैं—कर्तव्यमौन हैं व्यवसाय मुखर, नवलकिशोर प्रेस, वेङ्कटेश्वर प्रेस भारतजीवन प्रेस, खड्ग विलास प्रेस, यहाँ तक कि बंगवासी प्रेस आदि ने जितने प्राचीन ग्रन्थ प्रकाशित किये थे उतने एक संस्था तो क्या सब संस्थाएँ मिलकर भी प्रकाशित न कर सकी, अपने प्राचीन काव्य साहित्य की गौरव की बातें करने वाले तो बहुत मिलते हैं पर उसके सम्पादन, प्रकाशन तथा अनुशीलन पर ध्यान देने वाले अत्यल्प।

साहित्य के लिए यह शोचनीय स्थिति नहीं कही जा सकती, ऐसी स्थिति में भक्ति की साम्प्रदायिक दृष्टि से ही सही जो प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन व प्रकाशन कराते हैं वे श्लाघ्य हैं, माधुर्य लहरी का सम्पादन यद्यपि आधुनिक, वैज्ञानिक और साहित्यिक प्रणाली से नहीं हुआ है किन्तु, भक्त सम्प्रदाय के बीच जिस प्रकार सम्पादित और मुद्रित ग्रन्थ प्रचलित थे या हैं, उस रूप में भी यह ग्रन्थ प्रकाशित नहीं किया गया है, इस युग में साहित्यिक ग्रन्थ जिस छपाई सफाई शुद्धता से छापे जाते हैं उसी पद्धति पर इसको सम्पादन प्रकाशन करने का प्रयास किया गया है इसके सम्पादक और प्रकाशक दोनों रूप में प्राचीन काव्य का उद्धार करने के लिये अनेकानेक धन्यवाद देता हूँ। और आशा करता हूँ कि भविष्य में भी इसी प्रकार अच्छे अच्छे ग्रन्थों का सम्पादन और प्रकाशन करने में संलग्न रहेंगे। श्री विहारीदासजी ने "गोपालतापिनी उपनिषद्" प्रकाशित करके सम्प्रदाय को बहुत सी अलभ्य सामिग्री दी है, और मेरा विश्वास है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार इस कार्य में संलग्न रहेंगे। वे तप पूत भक्त हैं उनके लिये इस प्रकार का संभार कर लेना कथमपि असक्य नहीं है, हिन्दी साहित्यिक के नाते मैं उनके प्रति कृतज्ञता प्रगट करता हूँ।

ब्रह्मनाल काशी,
महाशिवरात्रि, २००६,

—विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

सपादक का वक्तव्य

— * —

माधुर्य लहरी" के कर्ता श्री कृष्णदास जी निम्बार्क सम्प्रदाय के एक पहुँचे हुये भक्त थे आप के जन्म-सम्वत् तथा वंश परिचय आदि पर अभी पूरा प्रकाश नहीं डाला जा सकता है, केवल इनके ग्रंथ के आधार से इतना पता अवश्य लगता है कि आप श्री हरिभक्तदास जी के शिष्य थे, तथा विन्ध्याचल के पास गंगा तट पर स्थित गिरिजापत्तन नामक ग्राम के निवासी थे। माधुर्य लहरी का रचनाकाल सं० १८५२ से १८५३ सं० तक माना गया है जो कि आपकी रचना से भी स्पष्ट होता है जिसका ग्रंथ में उद्धरण इस प्रकार है,

विंध्य निकट तट सुर्धुनी, गिरजापत्तन ग्राम।
हरिभक्तन के आश्रै, कृष्णदास विश्राम॥
ग्रंथ माधुर्य सुलहरि, अस कहियै जा को नाम।
कृष्णदास मुख श्री कृपा, प्रगट भयौ ता ठाम॥
अष्टादश शत लीजियै, सम्वत् बावन संग।
भाद्र मास सुखसिन्धु, श्री जन्मारंभ तरंग॥
तिरपन सम्वत् को अमल, अति वैसाख सुमास।
लहरि माधुरी सुख लह्यौ, संपूरन मन आस॥

इनके सम्बन्ध में विशेष अन्वेषण, ग्रन्थ मे "परिचय" लेखक श्री विश्वनाथ प्रसाद जी मिश्र ने किया है जो कि इनकी बहुत सी बातों को स्पष्ट करता है वह विशेष अन्वेषण हमारे पूज्य मिश्रजी के पास ही रक्खा है, समय आने पर वह लेख जनताजनार्दन के दृष्टिपथ भी हो सकेगा।

कृष्णदास जी एक उद्भट कवि थे इनके दो ग्रन्थ और भी मिलते हैं जो कि "भागवत भाषा" तथा "भागवत माहात्म्य" के नाम से प्रसिद्ध हैं, संस्कृत रचना में भी इनकी अच्छी रुचि थी, जो कि ग्रन्थ ही स्पष्ट कर रहा है।

प्रस्तुत ग्रंथ में श्री राधाकृष्ण की अष्टयाम लीलाओं का वर्णन इतने सुचारु सुस्पष्ट रीति से किया गया है कि जो भक्तमंडल को भक्ति रस में ओतप्रोत कर सकेगा, श्री वृन्दावन गोलोक धाम के सतावरण का विशद वर्णन भी ग्रन्थ मे किया गया है।

सक्षिप्त कथानक —अधिक न लिखते हुये इतना ही पर्य्याप्त होगा कि एक समय सनकादि महर्षि तथा नारद जी आदि बहुत से देवगण ब्रह्माजी की सभा मे बैठे थे, वहाँ पर सनत्कुमार द्वारा प्राणियो के कल्याणार्थ प्रश्न, ब्रह्माजी को सभ्रमित देखकर श्री हंसावतार भगवान का प्रादुर्भाव तथा प्रश्न समाधान, विशेषजिज्ञासा के लिये गोपेश्वर जी के पास जाने का आदेश, बाद मे हंसरूप भगवान् का अन्तर्धान होना, तदन्तर सनकादि ऋषिया का गोपेश्वर जी के पास आना, उनसे भगवान की नित्य लीला के सम्बन्ध मे प्रश्न करना, प्रश्न होते ही गोपेश्वर जी का कथा वर्णन करना आदि ।

हस्तलिखित इस महान ग्रन्थ का प्रकाशन हमारे स्वनामधन्य वीतराग श्री बाबा बिहारीदास जी "त्यागी" ने करके निम्बार्क सम्प्रदाय की तथा भगवान सर्व्वेश्वर की महान सेवा की है "त्यागी" जी का अधिकतर समय ग्रन्थो के प्रकाशन मे व्यतीत होता है ।अभी हाल म ही "गोपालतापिनी उपनिषद्" को बृहत् सस्कृत टीका सहित आपने प्रकाशित किया है, तथा "नारद रहस्य गोष्ठी" नामक निम्बार्क सम्प्रदाय का महान् ग्रन्थ प्रेस म मुद्रित हो रहा है, शीघ्र ही प्रकाशित होने वाला है, और कई ग्रन्थ भी छपने वाले ह यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि "त्यागी" जी सम्प्रदाय के हृदयभूत व्यक्ति हैं ।

त्यागीजी की तरफ से हम उन महाविभूतियो को भी हृदय से धन्यवाद देते हैं जिन्होंने इस ग्रन्थ मे अपनी सम्मतियाँ प्रदान की हैं ।

हमारे वे महानुभाव भी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होने इस हस्तलिखित प्रति लिपि को सुरक्षित रखा है, जिनका नामोद्धरण ग्रन्थ के अन्त म इस प्रकार है, **स० १८७१ वर्षे मासोत्तममासे शुक्लपक्षे तिथौ चन्द्रवासरे लिखित जसराम ब्राह्मणेन लिखायित लाडिलीदासेन ।। शुभम्**

इस ग्रन्थ का सम्पादन कार्य त्यागीजी ने मुझ अज्ञ को प्रदान किया, इस नाते अशुद्धियाँ रहना स्वाभाविक ही है । यह ग्रन्थ इतनी शीघ्रता से प्रकाशित हुआ है कि हम इसकी विषय सूची आदि बहुत सी बाते प्रकाशित न कर सके, यह ग्रन्थ जिस रूप से आपके सामने उपस्थित है भक्तगण उसे अपनी वस्तु समझकर अपनायेंगे तो मे अपना परिश्रम सफल समझूँगा, ||इतिशम्||

फा० कृष्ण शिव चतुर्दशी
स० २००६

भगवत्प्रेमियों का दास
केशवदेव शर्मा "प्रपन्न"
वृन्दावन धाम

❋ श्री हरि ❋

श्री सर्वेश्वरो जयति

॥ श्रीराधाकृष्णाभ्या नम ॥

❋ माधुर्य लहरी ❋

श्लोकः – श्री राधावरपादपद्मयुगलं नित्य शरण्य भजे, लब्धं श्रीहरिभक्तदामकृपया तान्सद्गुरून्सन्नमे । राधाकृष्णविलास-धाम प्रकटी कर्त्तु मनो धावति लिप्साप्रौढतरा तु यस्य हृदये हास्य न मः पश्यति ॥१॥

॥छ०॥ श्री स्वामिनीपदकमलनखमणिचारु चद्रमयूषता ॥
ब्रह्माड अमितप्रकाश प्रसरप्रमोद पूरपियूषिता ॥
अनगम्य अकथ अनत अनवधि अप्रमेय महीमन ॥
कुरु पान चित्त चकोर इव रसकृष्णदास दृढीमन ॥

दोहा—हरि द्वय अक्षर बीज तरु, भक्तिदास भल जोय ।
त्रिपदी सगम सेय सब, तरे रह्यौ नहि कोय ॥१॥
हरि कहि भक्ति सुदास भजि, षट् अक्षर कौ मत्र ।
महिमा वेद पुरान मैं, जाहि कहैं सब तन्त्र ॥२॥
हरिहित भक्ति सुदास के पद नख छटा प्रकास ।
महामोह तम निबिड अति, वदत होत विनास ॥३॥
योग सिद्धि फल चारि मय, मगल मोद अभिष्ट ।
हरिहित भक्ति सुदास पद कृष्णदास के इष्ट ॥४॥
दुर्गम भीम अपार दृढ, भवनिधि अति दुख हेतु ।
कृष्णदास गुरुदेव के, चरन तहा सुख सेतु ॥५॥
भूत भविष्यति काल औ, वर्त्तमान पुनि गाय ।
जुगल उपासक जे भये, मो शिर तिनके पाय ॥६॥

मदन मोहन राधा चरन, पद्म पराग सुवास।
मन मलिंद ह्वै जिन लई, कृष्ण दास तिन आस।७॥

परब्रह्म श्री कृष्ण की, माया रचित निकाय।
जड चेतन जग जीव जे, हौ विनवौ सिर नाय॥८॥

श्री ललिता पद कमल जुग, सुमिरौं बारहि बार।
जासु कृपा लवलेस लै, होत सकल निरधार॥९॥

नाम लिये वृन्दाविपिन, तपनि मिटै तत्काल।
अनायास हिय आवही, राधा मदन गुपाल॥१०॥

चाह हिये अस उमगि ससि, गहि लीजै कर माहि।
भाग्य बुद्धि जस योग्यता, ते एकौ अग नाहि॥११॥

हरि गुन गाय लह्यो सबन, सुख जस दोऊ लोक।
मोहि अजस हू जौ मिलै, कृष्ण लिये मुद ओक॥१२॥

ऐसें चित्त विचारि कै, उर बाढ्यो उत्साह।
अब तौ यह सुख लीजिये, आगें जथा निबाह॥१३॥

समत वेद बखानिये, सबही को मत एह।
राधाकृष्ण रहस्य थल, निश्चै गत सदेह॥१४॥

जिहि जाने ससृति मिटै, मिलै परम पद ठाम।
ताहि सुनें मन चेत करि, ज्यों पावे विश्राम॥१५॥

हरि सब दिन करुणा भरें, जीव सुगति के हेतु।
विविध रूप लीला करै, तेई भवनिधि सेतु॥१६॥

हस रूप गोपाल श्री, चरन कमल रज वद्य।
सनकादिक नारद सुखद, निबारक अभिनद्य॥१७॥

बरनौ नित्य बिहार की, लीला नित्य स्वरूप।
जाहि सुमिरि लव निमिषि हू, मिटै अध भव कूप॥१८॥

एक समय ब्रह्मा निकट, बैठे चारौ भाय।
सनकादिक मुनि वृन्द बहु, नारद चित्त लगाय॥१९॥

आगम निगम पुरान जे, सब्द प्रबध अपार।
देव दनुज उपदेव सब, साहैं सभा अगार॥२०॥

वर सिहासन मध्य तहा, चतुरानन जग हेतु।
तेज धाम सोभा सदन, सोभित मगल सेतु॥२१॥

ताहि समै कर जोरि नय, बोले सनत्कुमार।
महाराज सरवज्ञ तुम, अन्तर जानन हार ॥२२॥
आप पितामह जगत के, प्रजा सकल हम लोग।
धर्म नीति उपदेस के, और न दूसर जोग ॥२३॥
सक एक मन में महा, निसि वासर दुख देत।
कहिये सो निरवारि कै, ज्यो पावै हम चेत ॥२४॥
कर्म भूमि सब जगत मै, भरत खड दृढ नेम।
जीव करैं तहँ कर्म जे, भुगतैं छेम अछेम ॥२५॥
जज्ञ दान तप कष्ट करि, पावत है बहु स्वर्ग।
सत्य लोक पुनि हरि भजै, कितने हूँ अपवर्ग ॥२६॥
सकल ठौर ते देखिये, खिस खिस परै बहोरि।
पुनि चौरासी परिकरै, कर्म बधे दृढ डोरि ॥२७॥
सर्वोपरि वैकुण्ठ है, गुणातोत निर्माय।
पतन भयो जय विजय को, जोनि आसुरी पाय ॥२८॥
गर्भवास दुखप्रद सकल, मिट्यौ न नर्क निवास।
कहा भयौ दिन चारि के, पायें लोक विलास ॥२९॥
श्री मुख श्रुति ऐसे कह्यौ, परम धाम दृढ सोय।
जहा न ससि सूरज कहैं, पुनरावृत्ति न होय ॥३०॥
कहौ कौन सो लोक है, कहा नाम किहि ठाम।
जिहि जाने ससृति मिटै, जीव लहै विश्राम ॥३१॥
अधिष्ठान तहाँ को बसै, जाते पर नहिं और।
सर्वाराध्य परात्पर, अवधि लहै करि दौर ॥३२॥
सुनि बानी सब सभासद, उर बाढ्यौ अति हर्ष।
ससै विधि मन मै भयो, जानि प्रश्न उत्कर्ष ॥३३॥
उत्तर अग न पावहीं, सोचि रहे सब भाँति।
महत प्रतिष्ठा हानि लखि क्यो हूँ लहत न शाति ॥३४॥
विधि चितानिधि मगन ह्वै, कियो हिये हरि ध्यान।
हस रूप गोपाल तहाँ, प्रगट भयो भगवान् ॥३५॥
महिमा तेज प्रभाव अति, दिसा प्रकास निहारि।
चकित भये अज सभा सब, सभ्रम सहित सभारि ॥३६॥

निकट जानि अकुलाय सब, उठे एक ही बार ।
परे दंड इव प्रेम जुत, करें प्रणाम अपार ॥३७॥
अभिवादन अस्तुति करी, अपनी मति अनुरूप ।
मायापति श्री कृष्ण को, जानि सकै कौ रूप ॥३८॥

दै आदर सनमान लहि, चतुरानन गहि पानि ।
वर सिंघासन अपर सुचि, पधराये प्रभु आनि ॥३९॥
सेवा सकल प्रकार करि, जानि कृपा निज ओर ।
सबैं निहारैं वदन दिसि, जैसे चंद चकोर ॥४०॥

अन्तरजामी सकल उर, बोले मृदु मुसिकाय ।
ससै ग्रस्त सबै लगौ, नैनन प्रगट लखाय ॥४१॥
ब्रह्मा विनय प्रणाम करि, भाख्यौ सकल प्रसंग ।
मंद हसे सुनि कृष्ण प्रभु, जानि प्रश्न कौ अंग ॥४२॥
चितये सनत्कुमार दिसि, दया विलोचन पूरि ।
सीस नवाये जानि तिन, कृपा करी हरि भूरि ॥४३॥
करुना सील सुभाव प्रभु, सब पर कृपा समान ।
भक्त सदा उर मैं बस, रसिक अनन्य सुजान ॥४४॥

गिरा श्रवन सुखदायिनी, ससै भंजक मूल ।
वस्तु हिये दरसावनी, श्रवन अमिय के तूल ॥४५॥
दयासिंधु हिय अंग ते, उमगे वचन तुरंग ।
मंद बिहसि श्री कृष्ण प्रभु, बोले सोइ प्रसंग ॥४६॥
एहो सनत्कुमार जू, प्रश्न कियो सुख चैन ।
और नहीं कोउ जाग्य है, याकौ उत्तर दैन ॥४७॥

सुनिये सकल प्रकार अब, निश्चै एक निदान ।
बरनौं ताको जानिये, सत्र की अवधि प्रमान ॥४८॥
विश्वास मो को प्रथम, कहै सकल श्रुति गाय ।
आदि मध्य परिणाम मैं, सेषी सेष लखाय ॥४९॥
माया ईक्षण सक्ति मम, मो इच्छा बल पाय ।
अमित कोटि ब्रह्मांड की, रचना करै बनाय ॥५०॥
भूत भविष्यत काल त्रय, सकल ठौर मे एक ।
गुण स्वभाव निज प्रकृति बस, मानै जीव अनेक ॥५१॥

मै अपने निज रूप ते, सब दिन एक समान।
जा जैसें मोहि मानिहि, ता को तथा प्रमान ॥५२॥
जथा तरनि निज ठौर ते, व्यापक सब जग माहि।
जहाँ किरन को परस है, तहा भानु दरसाहि ॥५३॥
तैसै मैं निज लोक में, विहरौ नित्य बिहार।
व्यापक सत्ता सकल जग, महिमा इहै अपार ॥५४॥
लोक भेद बहु भाति के, मैं थापे लखि हेत।
भरत खड बसि जीव करि, यथा कर्म फल लेत ॥५५॥
और लोक ब्रह्माड के, भीतर ही सब जान।
रमारमन जो वास मम, सो वैंकुठ बखान ॥५६॥
ऊपर सो ब्रह्माड के, जोजन कोटि पचास।
दिव्य अलौकिक विमल वर, लक्ष्माकान निवास ॥५७॥
भरत खड महि जीव जे, भजै भक्ति के हेत।
तिन्है चतुरधा जथाविधि, नारायन फल देत ॥५८॥
असी अस कला विभू, ज्यो अवतार अलेख।
अवतारी पर भिन्न है, सो ए लोक विलेख ॥५९॥
जा तें सब अवतार ए, होत लीन पुनि जाय।
सो अवतारी जानिये, नित्य विहारी गाय ॥६०॥
जो ब्रह्मा कौ बरस है, सो शकर पल चारि।
महादेव वय वरष जो, सो पल विष्नु निहारि ॥६१॥
उदै अस्त जो विष्नु कौ, प्रति ब्रह्माड समान।
नित्य विहारी लाल सो, पलक विलास प्रमान ॥६२॥
ज्यौं अवतारी लोक त्यौं, सदन धनी के हाथ।
परम धाम याते कहै, सब धामन पर माथ ॥६३॥
जहा एक रस है सदा, नित्यानद विहार।
तहा गयें पुनि है नहीं, आवागमन विकार ॥६४॥
सनत्कुमार न सुगम है, तासु जानिवौ मीत।
जानै तौ पुनि है नहीं, माया ससृति भीत ॥६५॥
लव निमेष जो मन लगै, इन बातन के माहि।
परम धाम पावै सही, गभवास मिटि जाँहि ॥६६॥

जा महिमा वरनन करौ, मेरौं चित्त लुभाय।
वै लीला मन भावनी, कहै ग्रथ अधिकाय ॥६७॥
बोले सनत्कुमार तब, महाराज गुरु पाय।
मदभाग्य अति जानियै, जो ससै नहि जाय ॥६८॥
लघु दीरघ आचरन जो, आपु करौ मन लाय।
केवल जीव उधार हित, और न हेतु लखाय ॥६९॥
कहिये मोहि बुझाय अब, कौन लोक किहि ठाम।
नित्य बिहारी रूप को, लीला जे अभिराम ॥७०॥
जैसे हमरी होय गति, तहाँ जाइबे जोग्य।
सो साधन वरनन करौ, सब विधि परम मनाज्ञ ॥७१॥
सनत्कुमार बचन ए, सुनि पायो अतिचैन।
बोले हसगुपाल श्री, निज भक्तन सुखदैन ॥७२॥
या प्रसग मैं अब सुनो, पुराचीन इतिहास।
जेहि जाने ते होत है, सब विधि ससै नास ॥७३॥
ईश्वर इच्छा ते जगत, सब दिन ऐसे होय।
काल नेम ता कौ नही, कहै अग लै कोय ॥७४॥
एक समै यह जानिये, महाप्रलय के अत।
जग उपजावन की करी, इच्छा श्री भगवत ॥७५॥
प्रथम नासिका स्वास ते, प्रगटे वेद सुजान।
सकल जगत मरजाद हित, धर्म अधर्म प्रमान ॥७६॥
जग कारज कारन कोउ, ते जिमि जाने जाहि।
तीनि कल्प की रीति जो, कछू कही तिन माहि। ७७॥
ब्रह्म कल्प औ पाद्म पुनि, स्वेत वराह पवित्र।
कल्प कल्प प्रति ब्यास हैं किये पुरान विचित्र ॥७८॥
पद्मकल्प भागवत में, नाभि कमल अजसृष्ट।
कह्यो वराह पुरानमै, श्वेत वराह विसृष्ट ॥७९॥
ब्रह्मवैवर्त पुरान को, ब्रह्मखड सुभ जानि।
ब्रह्मकल्प की रीति जो, तामे कहा बखानि ॥८०॥
ब्रह्मकल्प की रीति अब, स्वल्प सुनौ मन ल्याय।
ज्यों ससै नासै, सकल, जीव परम पद जाय ॥८१॥

परब्रह्म श्रीकृष्ण तन, ब्रह्म प्रतिष्ठा सोय।
अमृत अव्यय धर्म दृढ, सुख एकांतिक होय ॥८२॥
कृष्नब्रह्म निज देह ते, सकल सृष्टि निरमाय।
वामा वाहन लोक वर, सब कह दिये बनाय ॥८३॥
ब्रह्मा विष्नु महेस औ, लोकपाल भूखड।
स्वर्ग मृत्यु पाताल करि, थापी रीति अखड ॥८४॥
जथा जहाँ जो चाहिये, जड चेतन व्यवहार।
तथा तहाँ सब कर दिये, जिन्हकें शक्ति अपार।८५॥
वेदाधीन बताय कै, सब के धर्म दृढाय।
जो जैसी करनी करै, सो तैसे फल पाय ॥८६॥
कला अस विभु रूप ते आप बसे बहु ठौर।
जहाँ तहाँ निश्चै लहै, जाकी जैसी दौर ॥८७॥
रचना श्रीवैकुंठ की, करी विचित्र अनूप।
रमारमन ह्वै कृष्न प्रभु, बसै तहाँ अनुरूप ॥८८॥
मुक्ति मना हेत जे, भजन करै मन लाय।
तिनि कह जथा विधान ते, देहि मुक्ति सुखदाय ॥८९॥
लघु दीरघ जो जगत मैं, ईश्वर ताको काम।
सो नारायन करत सब, सदा लोक अभिराम ॥९०॥
जो निज सुख चाहत हिये, कहै सकामी सोय।
स्वामी सुखते सुख लहै, दास नाम सो होय ॥९१॥
रूप माधुरी छवि छटा, जिनकें जीवन प्रान।
पल पल सुख वाछत रहै, रसिक अनन्य सुजान ॥९२॥
सेवा आठौ जाम की, करै भरै सुख पूर।
चोप चाह छिन छिन नई, जानत सेवा मूर ॥९३॥
ऐसे बहुत न होत हैं, प्रेम सिंधु गभीर।
नित्य विहारी लोक ते पावत भाव सरीर ॥९४॥
परब्रह्म श्रीकृष्न प्रभु, ऐसें सब निबटाय।
काम न राख्यौ एक हू, जाते चित्त बढाय ॥९५॥
तब मन मै इच्छा करी, कीजै रास विहार।
नैन मूंदि पल एक हिय, कीन्हौं तासु विचार ॥९६॥

दोय रूप ता छिन प्रभु, रहैं परस्पर देखि।
जुगलविहारी नाम यह, अचल अनादि विलेखि ॥९७॥
गौर माधुरी एक तन, कृष्न माधुरी एक।
भिन्न भिन्न ते कहत हैं, जिन के नाहिं विवेक ॥९८॥
तब प्यारे कर जोरि हसि, कही सुनौ जु बैन।
रास ईश्वरी नाम तुम, करौ रास सुख चैन ॥९९॥
तब प्यारी निज अग ते, प्रगट करी बहु बाम।
ललितादिक ए अष्टवर, अमित अगजा नाम ॥१००॥
जोरि पानि अभिमुख खरीं, सकल सखी बहुवृन्द।
जुगलविहारी तन प्रभा, निरखैं मुख सुखकन्द ॥१०१॥
आज्ञा श्रीस्यामा करी, मडल रचौ बनाय।
करै रास हम आय तहँ, सकल भाँति सुख छाय ॥१०२॥
सकल सक्ति पूरी सखी, गिनती किमि कहि जाय।
रचना लोक समस्त की, करी अधिक मन लाय ॥१०३॥
परम धाम गोलोक है, नाम विदित श्रुति गाय।
रूप न कहते बनि परै, सिन्धु न सीप समाय ॥१०४॥
ऊपर या ब्रह्माड ते, जोजन कोटि पचास।
प्रथम कह्यौ वैकुठ जो, लोक रमापति वास ॥१०५॥
ता ऊपर सो कोटि है, जोजन तासु प्रमान।
परम धाम याते कहैं, जापर और न थान ॥१०६॥
सप्तावरन कहैं तहाँ, वृन्दावन मधि लेख।
बीच रास मडल गनौ, नित्य विहार विसेष ॥१०७॥
राधाकृष्न सरूप द्वय, जुगल विहारा नित्य।
बनै मिटै ब्रह्माड बहु, रास न पावै नित्य ॥१०८॥
सनत्कुमार गनो सोई, कारन परम निदान।
तासु जानि वो ज्ञान है, और सकल अज्ञान ॥१०९॥
जुगल विहारी रूप ते, अनत कहूँ नहि जाहि।
नित्य विहार बन्यौ रहै, श्री वृन्दावन माहि ॥११०॥
पावै हिय धरि भाव ते, सेवा करि भरि प्रेम।
यथा भाव पद सो लहै, इहै सकल विधि नेम ॥१११॥

मंत्र एक हम सौं गहौ, जपो जुगल वर नाम।
राधा कृष्ण सरूप मैं, कीजै मन विश्राम ॥११२॥
भाव सिद्ध जब होय गौ, तब देखो निज नैन।
स्वल्प रीति सौं हम कह्यौ, जो पूछ्यौ पद ऐन ॥११३॥
मथुरा मडल निकट है गोपेश्वर कौ वास।
इन्ह बातन कौ अधिक सुख ह्वै है तिनके पास ॥११४॥
रसिक सग सुख लीजिये, कीजै विधि विस्तार।
भक्त सदा प्रिय कृष्ण कें, समत यह श्रुति सार ॥११५॥

सोरठा—हँस रूप गोपाल, विदा भये उपन्देश करि।
सब हो नायो भाल, वन्दन ता दिशि तन कियौ ॥ १ ॥
सनकादिक सुग्व कद फिरत फिरत आये तहाँ।
गोपेश्वर छवि वृन्द जिहि आश्रम हित राजहीं ॥ २ ॥
मिले परस्पर जानि, भाव प्रम दृढ इष्टता।
भई कथा रस खान, जुगल रूप सेवा सुथल ॥ ३ ॥
गाँवौ सोइ बखानि, जथा बुद्धि मम गहि सकी।
छमिहैं मोरि अयानि, सज्जन रसिक सुजान हँसि ॥ ४ ॥
तिनके हँसि वे हेत, मैं हूँ करऊँ चौकि यौ।
दुर्लभ फल सो लेत, जाके बुद्धि विवेक वर ॥ ५ ॥
मद अज्ञ को धर्म, अपनी रुचि कारज करै।
यातें मोहि न सर्म सुख सोई हिय होय जो ॥ ६ ॥
गोपेश्वर सवाद, सनकादिक मिल जो भयो।
सुनिये भूरि अल्हाद, ए मन सुख रस भीजियो ॥ ७ ॥
परम धाम कौ रूप, वृन्दावन गोलोक ब्रज।
सेवा जुगल अनूप, नित्य विहार सकल सुनो ॥ ८ ॥
रूप अनूप अमाय, वृन्दावन पर धाम कौ।
कृष्न दास श्रुति गाय, कृपा किसोरी की मिलै ॥ ९ ॥
इत उत वेद न मान, जहाँ प्रभू तहाँ लोक सो।
भक्ति दृष्टि परिमान, अजौं सनातन पेखिये ॥१०॥
जो व्यापक सब ठौर, एक देस ताकौं कहाँ।
ब्रज वृन्दावन और धेन लोक ते को कहै ॥११॥

ज्यौं हरि त्यौं तिन लोक, पूरित और न हो वही।
जिन्है अविद्या ओक, ते चाहौ तैसें कहौ ॥१२॥

कुडलियाँ—परमधाम वृन्दाविपिन विहरैं नित्य विहार।
मदनमोहन राधा सदा सहचरि सग अपार ॥
सहचरि सग अपार पार किमि कहि को पावै।
हरि लीला कौ अन्त सत मन मै नहि ल्यावैं ॥
श्रीललिता हिय वर्म ह्वै धरैं जथा जो धर्म।
जुगल रूप सेवा सुथल कहौ सुमरि पद पर्म ॥ १ ॥
श्रीराधा श्रीहस्त मैं गहैं जलज मुद हेतु।
ताहीको प्रतिबिब अपर तैसो पूरन गुन सेतु ॥
ता ऊपर वेदी विमल हाटक योजन पाँच।
और भूमि विस्तार जो पत्र भेद सो साँच ॥
ज्यौं कुलाल के चक्र को दारु दड पर धृ।
त्यौ वृन्दावन कमल गत अमित अड की श्री ॥ २ ॥

गो इद्री समुदाय व्रज तन कहि लोक प्रमान।
हृदय कमल सो कज दृढ़ वृन्दावन हरि थान ॥
वृन्दावन हरि थान अमित ब्रह्माडन व्यापी।
दंपति चरन सरोज विमुख पावैं नहि पापी ॥
विरजा निरमल नाम लै जम नातौ भय गो।
निश्चल जब हो होय तू जब यह जानैं गो ॥ ३ ॥

छप्पै—वृन्दावन व्रज भू इतै गोलोक सोई है।
नाम ठाम गिरि ग्राम सरित नहि और कोई है ॥
निश्चै श्रुति परिमान जानि जिय वरनन करिये।
श्री ललिता मति देहि जथा पथ सो अनुसरिये।
दपति सुखद निवास थल रचना किमि कहि जाय।
देव दनुज मुनि वृन्द वर वेद गिरा सकाय ॥ ४ ॥

चिंतामनि कह उपल कहत नहि सोभा पावै।
मोरे मुख यह बात अमल नग पीत रितावै ॥
कहि आये सब कोय जथा हरि जाहि जनाई।
उतकंठित ह्वै चित्त तथा मैं लाज बहाई ॥

अति साहस विनती करौं क्षमा भरौ सुनि एह।
सत सहायक मद के निश्चै गत सदेह ॥४॥
मैं अपने मन सों कहौं सुनौं मीत करि चेत।
सेवा धाम सरूप गुन श्री ललिता कहि देत॥
विरजा सरित सरूप दिव्य व्रज मडल घेरै।
सकल काचनी भूमि चहूँ दिसि श्री बन केरै॥
ताकौ जथा विभाग दिसा मैं जो जैसे हैं।
राधाकृष्ण अनन्य भक्त आलय तैसे हैं॥५॥

नील अरुण मनि स्वेत पीत रग हरित कहावै।
नाना विधि की जाति लगे नग सद्म सुहावैं॥
चौहट बीथी घाट कूप वापी सर जो हैं।
बन उपबन आराम बाटिका कुसुमित सोहैं॥
फूलि रहे जलजात भाँति च्याऱ्यो सुभरगा।
कूजै द्विजगन सब्द बिमल गूजै मृदु भृङ्गा॥६॥

द्वार द्वार घट दीप खभ कदली के भ्राजै।
तोरन वदनवार पताका ध्वजा विराजै॥
अगर धूप के धूम घटा नभ मडल छाई।
कूकैं केकी नाद मानि अभ्रावलि आई॥
सौंज अलौकिक सदन वदन काके कहि जाई।
राधाकृष्ण प्रसाद भाग्य पूरे निज पाई॥७॥

श्री महारानी भक्ति एक बर भाव सुपचा।
दास्य साति वात्सल्य सखा नर है जिन सचा॥
भाव नृपति शृगार कठिन राधा आधीना।
तिनकी कृपा कटाक्ष पाय सहचरि अग चीन्हा॥
अप अपने अधिकार बल बसै तहाँ ते लोग।
अप्राकृत सब वस्तु को करै अखडित भोग॥८॥
वरसानें वृषभान राज कीरति पटरानी।
सुख सपात अति अवधि वेद महिमा नहि जानी॥
नदराय को वास नाम नदो सुर गावैं।
महरि जसोदा प्रेम नेम श्रुति पार न पावैं॥

गोवरधन गिरिराज साज निति हरि क्रीडा को।
श्रीराधा शुभ कुंड रूप को जानै ताकौ ॥९॥
रावल गोकुल ठान जुगल श्री जन्म सुहाए।
सिसु लीला वर खेल सनातन होहि अमाए॥
नदी सरोवर कूप रास मंडल वहु सोहैं।
वन उपवन चौबीस नित्य क्रीडा मन मोहैं॥
पुर पत्तन ब्रज ग्राम खेट खरवट औ वाटी।
कूट अपर रमनीय षोह सकीरन घाटी ॥१०॥
मान सरोवर मान प्रद नीर केलि के हेतु।
जो सब थल वरनन करौं वाढै ग्रंथ असेतु॥
नित्य बिहारी लाल की लीला सब दिन होय।
हरि महिमा तन हेरि बुध ससै करै न कोय॥
विरजा तट ते लीजिये श्रीवन वेदी तीर।
मध्य चतुर आवरन के वसैं भक्त मतिधीर ॥११॥
सप्तावरन वखानिये ब्रजमंडल गोलोक।
च्यारि कहे तीनों सुनो जानत होय विसोक॥
प्रथम कही जो वेदिका योजन पंच प्रमान।
वृंदावन सो जानियें ताहि सुनो दै कान॥
जथा कमल के वीच पीत छत्राकृति देखो।
तैसें ही श्री विपिन अपर दल लोक विशेखो ॥१२॥

दोहा—वृंदावन गोलोक के, मध्य कहैं सब कोय।
सो तीनो आवरन ए, सुनैं न ससै होय ॥१॥

छप्पय—जमुना परिखा कूल वहै सब रितु सुखदाई।
विकसित मनिमय कंज वरन वहु अलि धुनि छाई॥
विहरैं जल के जंतु सकल पंछी रव तानै।
प्रतीद्वंद की संक मानि जियवा दै ठानै॥
शब्द जहाँ तहाँ जो उठै राधा कृष्ण बखान।
जुगल रूप रस मत्त नित जिह्वे एक सो ज्ञान ॥१॥
हीरक मनि के घाट भूमि तट अरुण सुहाई।
रचना अमित प्रकार जात कापै सब गाई॥

कल्प वृछ की पाति लता वेली बहु जाती।
मनिमय जिन के अग फूल फल डारी पाती।
आग चन्ति कैं भीत एक मनि इद्र नील की।
सुघटित विविध गवाछ रीति प्राकार सील की ॥२॥
चहु दिसि चारयो द्वार बृहत वानिक अतिप्यारी।
विदिसि हु अधिक बनाव स्वल्प बहु ठौर दुवारी ॥
अभ्यतर की भूमि पीत मनि चित्रित सोहै।
तापै बने अनेक हर्म्य लखि बुद्धि विमोहै ॥
अमल अमोल अमाय रतन बहुधाम सुहावै।
वावी कूप तडाक वाक वन चित्त लुभावे ॥३॥
या मडल मैं मुख्य नीलमनि औ तालारैं।
मुक्तादाम वितान तने भीतर गलियारैं ॥
उच्च सिखरि बहु कलस प्रभा ससि भान लजावै।
गृह सपति कौ रूप कहै नहि पारै पावै ॥
नाम लेत उपजैं घने सुभ मगल कल्यान।
सोभा सहचरि वास की कहू कहाँ मम ज्ञान ॥४॥
मडल भेद अलेख लेख ताको नहि पावैं।
परिचारिका अनत कोटि कोटिन जहँ छावैं ॥
जो इनकी कछु रीति अग लै वरनन करिये।
मिलै न क्यौं हूँ अत जनम बहु विधि के धरिये ॥
अष्ट विवजित और सब तिनको इहा निवास।
सेवा बल अधिकार गुन प्रभुता अधिक विलास ॥५॥

दोहा—सुमिरे मडल षष्ट के कष्ट मिटै निरधार।
आनद उदधि अपार को किमि कहि पावै पार ॥६॥

छप्पै—सेवा कौ अधिकार मुख्य ललितादिक हाथैं।
अपर सहचरी वृद कहे ते इन के साथैं ॥
यह मडल जो सष्ट वास तिनको अभिरामा।
वेद न पावैं भेद रूप लछन गुन नामा ॥
अकथ अनूप अपार वस्तु मन बुद्धि न धीजै ॥
कीयें निरूपन तासु आसु जग हासी लीजै ॥६।

मन मोदक जो खाइ ताहि बुधिवत न जानो।
कहो आपनें चित्त लोक उपदेस न मानो॥
फलीभूत है भी व बात ऐसी चलि आई।
याते गत सदेह होय मै प्रीति बढाई॥
कीहे विविध विरोध श्याम के धाम हि पावै।
कीजै अचरज कौन लहैं जे नेह लगावैं॥७॥

या मडल मैं अष्ट अष्टदिसि कुज विराजैं।
एक एक कौ रूप कहत सब की मति लाजैं॥
दछिन है जो कुज तहाँ श्रीललिता रहई।
जैसे लागे रतन जतन तिनको अस कहँई॥
कीरति उज्जल होय ललित सोभा कहि गाई।
महिमा बृधि बखान नालिमा नभकी आई॥८॥

पीत जहाँ परतीत हरी नित चाह कहावें।
नाना विधि के रग ताहि अभिलाषा गावैं॥
इन धारी मनि देह अष्टकुजन के काजै।
तिनको भयो जराव षष्ट मडल अति भ्राजैं॥
मुख्य इहाँ मनि पीत प्रिया की अग लखावै।
और रग ता सग जहाँ जस शोभा पावै॥९॥

प्रथम भूमिका पीत लहरि तापै रग नाना।
पारिजात की पांति अगमनि चित्र बखाना॥
लता औषधी गुल्म रूप अतिसै तापाई।
भीति जाल और द्वार द्वारि पहलें जस गाई॥
अद्भुत इहाँ बनाव देखिबह मन ते जाई।
अधिक एक तें एक पेखि चित रहत लुभाई॥१०॥

अभ्यतर जो भूमि जरी चितामनि जामै।
कुज बृहत् विस्तार कही सो लागी तामै॥
बहुत पीत मनि काम और सग सोहै ताके।
खभा भीति लदाव चौक अनगनती जाके॥
झालरि मनि मय रग अमित बहु तने बिताना।
पच बेदिका हर्म्य सिखरि कलसा जस थाना॥११॥

तोरन बदनवार पताका ध्वज फहराई।
मगलमय सब दिव्य ठौर बहु धरी सोहाई॥
मध्य चौक मै एक वृक्ष वृदा को राजै।
चहूँ ओर जल तत्र रासमडल वर भ्राजै॥
बन उपवन आराम सर सुभग वापिका।
सौरभ कुसमित कज मजु अलि द्विज अलापिका॥१२॥

अष्टजाम सेवा सकल चित्रित हैं बहु ठौर।
नैन वैन श्रवननहि ये आनै कछू न और॥
सेवा कीजै सौं ज सखी मिलि ताहि सवारैं।
दम्पति पावै चैन ऐन सौं जतन बिचारै॥
जाकी जैसी रीति कही ललितादिक जैसैं।
नेम प्रेम दै चित्त करै ताही कौ तैसैं॥१३॥

चदन भाति अनेक घसें कोउ गूँथैं फूला।
भूषन विविधि प्रकार कोऊ पटरितु अनुकूला॥
कोऊ वीरी चारु नेह की पूरी साची।
लागीं सखी अपार पाक साला विधि राची॥
अपर नीर की रीति अपर अजन चित दीने।
कोऊ मुकुर सवार अतर के भेद प्रवीने॥१४॥
जे जे लीला ठाम सकल इन कुजन माँहीं।
वैभव अति विस्तार रूप कैसैं कहि जाँहीं॥
दपति सेवा सो ज कोश ए मदिर जानो।
नित्यविहारिनि कृपा अग ललितादिक मानो॥
जुगल माधुरी मत्त नित सेवा ही आधार।
भवनमान को कहि लहै चीटी सिधु अपार॥१५॥

सोरठा—सेवा अग अनेक अमित कोटि सहचरि लगीं।
जिनकें एक विवेक सेवा सार अपार सुख॥१॥
या मडल को रूप, लोमसतनु धरि धरि कहै।
तोऊ अमित अनूप, मति अनुसारै जो लहै॥२॥
दोहा—मडल सप्त बखानियें, श्रीनिवास कहि सोय।

लाज लगै बहु भाँति जिय कहै बिना नहिं तोम।
अपनी रुचि प्यारी सबै गनै न काहू दोस ॥२॥
अमित अड भई सुमति तिय, रोम न गिरा बसाय।
नित्य बिहारिनि धाम की, छटा न पावै गाय ॥३॥

कवित्त- बातैं तौ अलेख लेख कीन्हे अबिवेक होत,
गोन खात बुद्धि जे कहावैं जग मौलि हैं।
वेद विधि शभु शेष गिरा हूँ अशेष मुनि,
अत ना लहत क्यो हूँ सबै कवि औलि हैं।
महिमा विस्तार भार पारावार अनपार,
जोह द्वार ल्याय ताहि कैसे कौन तौलिहैं।
मानताई नेम आई गाई मनभाई तौऊ
तृष हि मिटाइ सिंधु परसि भलौलि हैं ॥१॥

कौन काज लाज ऐसी करै जो अकाज अहो,
बेर बेर नर देह कहो कहाँ पाइयै।
दुर्लभ समाज मिल्यौ सकल सिद्धात जानि,
लीला गुन नाम धाम रूप सेवा गाइयै।
बानी को सयानी सबै पानी मैं बहाय दीजै,
जानी सो न रीति जासो दपति रसाइयै।
जैसी जैसी गही जिन लही तैंसी नैननहुँ,
धन्य धन्य राधाकृष्ण ईशता गनाइयै ॥२॥

एहो मन मीत नीति कान दै सुनौ ऐसी,
मडल श्री सप्तसौनि कुञ्ज कहि गावैंहीं।
दपति विलास परम धाम ताहि जानो ऐसें,
भक्ति नौधा अग नवरत्न ए सुहावैंहीं।
सेवा भनै भक्ति रूप सेवा तन धारि करैं,
जेती कला सेवा तेती भक्ति की गनावहीं।
प्रथम प्रबध मनि श्रवन सुहाई भूमि,
लागे नग रग चित्र देखि सुख छावैं ही ॥३॥

ज्ञान ही कुदब बर गौर स्याम बृदा दोऊ,
तीन पाति चहू ओर मडल कै बनी हैं॥

लता वेली औषधी औ गुल्म जाति नाना भाँति,
फूल फल पान डारी सोभा सौं सनी है।
सकल जलामै साधु हृदै पुरि रहे नीर,
फूलै सदा कन व्यक्ति जात नहीं गनी हैं।
हंस मोर त्यौं चकोर पत्र वारे वृन्द भौर,
देहधारी भक्ति मानो साँची कीरतनी हैं ॥४॥

कहत प्राकार भीति जालहु गवाक्ष रंध्र,
द्वार उपद्वार क्रम पहिलै को जानिये।
कहिये बर ठान कहा भक्ति अंग सुमिरे जो,
बानी कान धर्म एक चितै परि मानिये।
अंतर की भूमि भक्ति पाद सेवा मनि लागी,
दंपति-पद कंज श्री पराग सन्मानिय।
अष्टजाम है विहार द्वादस सत कुञ्ज मै,
विभाग ताको सुनो सो ऐसे जिय आनिये ॥५॥

कुंज तौ अनन्त अन्त कहि कौन पावै तौऊ,
स्वल्पता की रीति कछु ऐसें चित्त दीजियै।
अष्टदिस अष्टमत भिन्न भिन्न मंडल है,
षटकोण जंत्र एक और परै लीजियै।
कोनें कोन मंडल सो कुञ्ज है पचास तामैं,
एक एक मंडल की गनती यौं कीजियै।
सेष रहीं सत कुंज ताको मध्य मंडल है,
परम निकुंज धाम जानि मन भीजियै ॥६॥

ताहु को विभाग सुनौ चारयौं दिसा चारि खंड,
पंच पंचविंशति के मंडल ए जानिये।
मध्य जो विमाल भूमि कहै रास मंडल सो,
जैसे याको रूप तैसौ आगे त्यौं बखानिये।
अब सुनो चारिन मे एक को निरूपै अङ्ग,
याही कैमी रीति भेद चित्त उन मानिये।
कौन पावै बुद्धि ऐसी जैसी विधि कहिवे है,
एक टूक सोने जथा मेरु पहिचानिये ॥७॥

एक एक मडल में चारि द्वार उपद्वार,
महा राजपथ वीथी चौहट विसेखिये।
भीतर को भाव ऐसो अष्टदिसा तीनि पाति,
गनिये चौबीस तथा एक मध्य लेखिये।
या को नाम सभा कुज आगन विस्तार कहैं,
ताके बीच वेदी एक विमल परेखिये।
पुहुँमि कछु छोड़ि छोडि लागी सोपान सप्त,
ऊपर समान भूमि चित्र मनि पेखिये ॥८॥

जहाँ जैसे रतन लागे सोभा गभीर पावै।
तहाँ तैसी रीति सौ जराव जगमगे हैं।
एक जाति हरी मनि खभ तो सहस्र चित्र,
उत्तर औ दछिन कौ भाग पाय लगे है।
पच्छिम द्वै प्राची दिसा आठ सै विचित्र वेश,
चारयौं ओर ऐसे ही लदाव मौलि जगे हैं।
भीतर सकोच लै लै दो ययाति और,
जानो उच्चताई नव खड पेखि मन पगे हैं ॥९॥
खड खड हू वितान चहूँ ओर छाय रहे,
मुक्तामनि दाम झूमें छरी मनि हरी हैं।
ठौर ठौर सिंघासन सेज नवरत्न मई,
कोमलाइ अवधि ते विछी देखि परी हैं।
वेदी के नीचे उतरि आँगन जो विपुल है,
तहाँ रासमडल सो सबै मनि जरी है।
आस पास फूलन की क्यारी न्यारी न्यारी लसै,
जलजत्र समैं पाय धार अनुसरी हैं ॥१०॥
कही तीनि पाति और एक एक कुजन मै,
सात सात चौक बद जरित जराव हैं।
चहुँ ओर खभन की रचना लदाव लदे,
सप्तखड उचे उदै कलम प्रभाव हैं।
सेज सिंहासन चौकी सबै साज चित्त मोहैं,
भूषन सुघारि पट फूल गध चाव हैं।

खान पान वस्तु पात्र धाम धाम बैठि रचै,
कोटि कोटि आली हिये प्रीति के भराव हैं ॥११॥
परम आमोद धूप धूपित विधूम उठे,
जालरध्र गति पाय नभ दिसा छावहीं।
पारावत शब्द गरै नृत्य मोर कल सोर,
सरो, सुका पछी और नाम जस गावहीं।
तने है वितान कुज भीतर औ गली माहि,
तैसे ही बिछौना भूमि रग बहुतावहीं।
आवरन सोभा द्वार मगलीक द्रव्य घट,
पूगी तरु केरि खभ मनि मै सुहावहीं ॥१२॥

बाधे है वदनवार तोरन पताक ध्वजा,
दीपमाला ठौर ठौर सोभित अपार है।
जहाँ जाको परै काम लच्छ होत ताही ठाम,
नीकी भाँति जानी इन सेवा ही सार है।
भक्ति महारानी जू के अङ्गन नव बखान कीये,
तेई तौ वनाव वने इछा अनुसार है।
कैसी विधि कहै कौन मोहन हू न सुख देत,
लेत जानि भावकु जे भाव यथाचार है ॥१३॥

अष्टदिसा अष्टवत आदि जे वखान करी,
तिनहूँ को भेद एक घेर बड़ी जानिये।
द्वार उपद्वारन की रीति ठौर ठौर कही,
भीतर के मडल ते गने दस मानिये।
दसहु के दोय खड पच पच कौ प्रमान,
चाप्यो चारि दिसा एक मध्य उन मानिये।
ताहु को विभाग अष्टदिसा अष्टकुज कहैं,
मध्य एक सभा एक अनौकास ठानिये ॥१४॥
षटकोण जत्र कह्यौ कोण गत मडल हू,
पचासत कुज एक मडल विलास है।
ता कौ भेद पच दिसा च्यारि एक मध्य लहैं,
वाहू मैं अष्टकुज अष्ट दिसा वास है।

बीच सभा कुंज पच शेष सो अनौंसर की,
द्वादस सत कुंज यौं गनती सुपास है।
स्वल्प अग ठाम कौन नाम क्यौं हूँ लय सकै,
कहै कौन भक्ति रूप नवधा प्रकास है॥१५॥
कुंज कुंज अधिष्ठाता एक एक सखी मुख्य,
और सग लीन्है जूथ वृंद हू अनेक है।
सेवा रूप रीति जानै सेवा ही सो प्रीति मानै,
सेवा ही अधार ज्ञान बुधि सेवा एक है।
सेवा हिये माहि धरै सेवा मन चाव भरै,
दंपति रिसाय मागैं सेवा लता सेक हैं।
सेवा सिंधु भार बूडे सेवा सौख्य रत्न ढूढै,
मीन कैसी चाह सेवा नीर जीव टेक हैं॥१६॥
परम निकुंज सत कुञ्ज च्यारि भाग भये,
मध्य जो विसाल भूमि आदि कहि आये है।
ताहू को सरूप सुनो महारास मडल लहै,
नित्य ही विहार जहाँ होत मन भाए हैं।
चहु ओर वलै भूत जमुना प्रवाह स्वल्प,
दोऊ कूल नाना मणि घाट बनि आए हैं।
सदा एक रस नीर कोर के प्रमान हैं
रग रग की तरग माल जाल छाये हैं॥१७॥
आनद के सिंधु माहि क्रीडा जल जतु करैं,
पंकज विकास नाना रग मनि अङ्ग है।
सीतल सुगधि लैकै मद गति वायु डोलै
लोलै पद्म खड बोलै कलनाद भृग है।
जल के निसवीगन पच्छिन के तीर सोहैं,
मोहैं करैं केलि फिरै दोय दोय सग है।
कछू भूमि छोडि गुल्म पाति मनि फूल पात
गात लपटानी लता वेली नवरग हैं॥१८॥
आगें चलौ फूलन की क्यारी न्यारी न्यारी जाति,
रग रग भिन्न भिन्न शोभा सरसात है।

बीच बीच औदुचन जलजन्त्र नीर भरे,
मडल आकार चहुँ ओर दरसात है।
धरा को विलास देखो जल माहि थल भान,
थल तहा पानी पेखि चित्त भरमात है।
रज को प्रसग नाना मनिमई बालू बिछी,
कौतुक अपार और गने ना सिरात है ॥१९॥

मध्य रासमडल की वेदी विमल विस्तार,
सप्त सोपान भूमि छोडि छोडि लागी हैं।
एक एक मुख्य रग सग और रत्न लागे,
सात अग न्यारी न्यारी रीति जगमागी है।
ऊपर जो वेनी ताहि कहै चद्र मडल सी,
कोटि कोटि सूर ससि पाति लाज पागी हैं।
भक्ति महारानी जू को हृदै जानौ आतमा सो,
दपति निवेदवे को चित्त अनुरागी हैं ॥२०॥

उज्जल अनूप हियो उत्तम कहावत जो,
सोई मनि स्वेत होय प्रगट करायो है।
वेदी के प्रमाण एक रूप सित सिला लगी,
रचना प्रभेद नव रत्न वर भायो है॥
मध्य मै सहस्र दल पद्म नगमई बन्यौ,
ताके बीच षोडस औ अष्ट पत्र छायो है।
छत्र के अकार पीत प्रीति की प्रतीति मानो,
जाके विना भये कियें अन्यथा गनायो है ॥२१॥

बिछे हैं बिछौना भाति भाति कहूँ फूलन के,
तैसो हि वितान चित्र नभ देस छाया है।
नवरग रत्न जरी छरि चहुँओर खरी,
झालरि जराव मोती झुमक झुमायो है॥
हिय मै अनन्य भाव ताहि सिघासन करि,
अष्टपत्र कमल के ऊपर धरायो है।
भाव की विभावना जे अस्तरन गेदुवा है,
उदै जो प्रभाव सोइ छत्र लै घुमायो है ॥२२॥

अष्ट दिसा अष्टपत्र अष्टसखी वास लहै,
षोडस पै षोडस त्यौं सहचरी विलास हैं।
दूने दूने भाव लेकै मडल अनेक ऐसे,
सत औ सहस्र अनगिनती प्रकास है॥
जेती सेवा सौज तेती लौ हे कर ठाढी सवै,
एक एक हस्त है कैं जात अष्टपास हैं।
डीठि सिंघासन ओर चद ज्यों चकोर दीन्हे
मन अभिलाष जानि सेवा को हुलास है॥२३॥

मडल के चहुँ ओर मगलीक द्रव्य धरी,
हाटक सुहाये घट पूरे करि नीर है।
नाना भॉति मणिन का रचना दिखात जामै,
पूगीतरु केरि खभ लसै तीर तीर हैं॥
फूलमनि माल जाल बीच बीच झूमि रहे,
तीन भाव लीन्हे तैसी डोलत समीर है।
परम आमोद धूप धूम दिसा छाय रहो,
कल गान पछी करैं मत्तअलि भीर है॥२४॥

आदि जो वखान कीन्हों जमुना प्रवाह श्रेय,
अभ्यतर मडल सो तीन रूप गायो हैं।
सखी समुदाय वृद जूथ है निवास एक,
दूजे अष्टकुज सेवा सौंज कोस भायो है॥
द्वादस सत कुज को निरूप कीजे तीजे त्यौं,
सवही के मध्य रासमडल सुहायो है।
दुर्लभ प्रवेश कीये ज्ञान जोग विना कृपा,
प्यारी अग नीलावर घटाटोप छायो है॥२५॥

अरिल्ल—मडल सप्त बखान किये मेरी मति जैसी।
भाखै कौ करि नेम बात निश्चै सो तैसी॥
पुरुषारथ सब हीन देखि महिमा हरि ओरी।
एहा लेस न पावैं गाय सदा सारद सत कोरी।१॥
चित्त न लहै प्रवेस ताहि कैसें को गावै।
ज्यों पिपीलिका वदन मेरु नहि कद समावे॥

तीन काल श्रुति सार नीति सर्वोपरि ठानी। हरि हा
कीजै मन को बोध सकल बुध की असवानी ॥२॥
अपने मन परतीति भये मव होहि सुखारे।
च्यारि - अष्टदस - षटक विमल वानी पठिहारे ॥
स्याँम करै सतकार नेक निज ओरी देखै। वर हा
साधु सराहैं ताहि जासु मति कृष्ण विशेखै ॥३॥
चलें राजपथ सबै राव औ रक मद गति।
पहुँचैं वे हठि जाय मजिलि की अवधि अहै जति ॥
विधि शकर श्रुति शेष व्यास मुनिवर सुर नर जे। एहो
जिन जिन गाये कृष्ण भये भाजन जस वरते ॥४॥
जुगलविहारी नित्य सुनी जे बात पुरानी।
कीजै अति अभिलाष जात सो कैसें जानी ॥
ललिता सदा विहार अग जा मुख्य प्रमानी। एहा
तिन पद रज धरि शीस कहैं कछु अग बखानी ॥५॥

छद—गौर श्याम सरूप सागर अमिय पूर अखडित।
तत्सीकराणु प्रमाण आनद अमित अड विमडित ॥
छवि अग अ ग तरग उमगत शब्द बोलनि नेह की।
अगजा अम्बुद हिये भरि करत वरषा मेह को ॥१॥
तिन द्वार पसरै जगत मैं जन रसिक उर सीपी परै।
नाम जीवन मुक्त याते सकल श्रुति निरनैं करै ॥
नर देह दुर्लभ जानि निश्चै सग तिनको कीजिये।
भक्ति प्रीति प्रतीति अपनी कृपा उन सो लीजिये ॥२॥
नेम प्रेम विवेक श्रद्धा जतन डोरैं गाथियै।
उर धारि सो मनि गारुड़ी ह्वै मोह उरगै नाथियै ॥
इह भाँति दपति सिधु निज मन मोन करि रस पीजियै।
सत सग वियोग पावत प्राण परि हरि दीजियै ॥३॥
जिते साधन विविध विधि के कष्ट धरि जिय साधियै।
ब्रह्म शकर देवपति पद असुर नर सुख लाधियै ॥
नहि मिटत गर्भ निवास त्रास विमोह फासी सों फसे।
रसिक जन की कृपा विनतिन लोक वसि पुनि पुनि खसे ॥४॥

अब सुनौ नित्य विहार रूपक जो जथा जेहि भाति है।
मन कहौं बार अपार तो सौ अन्यथा नहि शाति है॥
प्रिया प्रीतम अ ग एकै द्विधा काति बखानिये।
निज रूप ही ते प्र`म अतिसै लोकहुँ परिमानिये॥५॥
जुगल तन जो माधुरी सो ललित ललिता गावहीं।
रसिक जन करि पान श्रवनन अवधि सुख की पावहीं॥
सखिन के सरवस्व श्यामा श्याम जिय आधार जो।
प्रथम तिनको रूप वरनै पीय मुद वर सार सो॥६॥
थल कमल के पुष्प लै कछु एक ठौरी कीजिये।
हीरा कठोरा अ ग सुछम झपि तापै दीजिये॥
वा समै जो दुति उदै सो भरि देखि नैनन भीजिये।
श्रीकिशोरी देह सुखमा जानि उर धरि लीजिये॥७॥
कज लोचन, पद्म मुख कर, चरन कमल बतावहीं,
सुनत ही दुख होत अति चित मोह बस ते गावही॥
मडुक सेवित सर कुसर सो होय नामहु पकज।
कटकादिक दोस अलिगन निसि न सेवित सकज॥८॥
सब जगत जो आल्हादकारी शसि विमुख अति कूरहू।
नीर सोखि सुखाय नासत जानि सठ मत सूरहू॥
वदनादि प्रकरण वर्जित दोष कितने पाइये।
श्रीप्रिया चरणादि सम कहि कहौं कैसे गाइये॥९॥
आनद थल पर मोद सरवर नीर पूरित सुख सदा।
परिबीज रूप हुलास उपज्यौ पद्म पद्माकर मुदा॥
एहि रीति की उत्पत्ति जाकी ताहि सम जो कीजिये।
काच चिंतामनि बराबरि किये सो जस लीजिये॥१०॥
ए अग अनुपम सर्व सुखप्रद इन कृपा ते जानियें।
रसिक जन के सग मिलि कै रीति सो पहिचानियें॥
पूज्यता महिमा सुगरिमा वदनादिक को भनै।
कहैं जे सुख लहैं तेऊ हिय हीं समुझे बनै॥११॥
रोम प्रति ब्रह्माड कोटिन वसत जाके नित्त हैं।
ब्रह्माड प्रति जे ईस लोकप जासु त्रास चकित्त हैं॥

दुर्धर्ष दुरगम दुराराध्य परात्पर श्रीकृष्ण जो।
माननी के मान समये चरन वरत हेत सो ॥१२॥
इन चरन की रज चाह दिन दिन करत छिन छिन चित्त मैं।
पाय वो सो अतिहि दुर्लभ भ्रमत जगपति कित्तमैं ॥
शील करुणासिंधु आरतबधु दुखित सहाय हैं।
दृढ आस उरधरि कृष्नदास निवास लाडिलि पाय हैं ॥१३॥
श्रीलाडिली श्रीवाम पद तल चिह्न एते देखिये।
पवि चक्र नीरजपत्र अकुश ऊर्द्ध छत्र विलेखिये ॥
ध्वजा गोपद अष्टकोण त्रिकोण जव षटकोण जे।
कल्पतरु ते आदि तेरह चितकन अति सोभते ॥१४॥
चरन दच्छिन सुनहु लच्छन गदा सख पिनाक वर।
अमिय कलस अमीय तानौ ऊर्द्ध रेखा जवुफर ॥
मीन स्यामल बिंदु रच नव चिह्न दच्छिन पायकै।
सुमिरि तेई देहि निज पद तरै भव निधि गायकैं ॥१५॥
अरुन जावक रेख चहुँ दिसि अवधि सोभा की खची।
चित्र भेद विचित्र करि करि और रचना बहु रची ॥
अगुली दल चारु नख ससि छटा जड तम नासहीं।
सहचरी गण चित्त चातक पान करत हुलास हीं ॥१६॥
पादपृष्ठ अमोल गोल सुगुल्फ कहि कैसैं भनै।
वरन भिन्न सुगधि अष्टहु पत्र लेखत छवि तनै ॥
भक्तजन तन सहचरी मन रत्न भाष्यौ श्रुति तबै।
श्रीकिसोरी चरन भूषन होय कै सेवत सबै ॥१७॥
बिछुवा पदपूरण पायल शृंखला नूपुर लगे।
वेद शाखा रिचा मिश्रित ताल स्वर बोलत पगे ॥
ए चरन पद्म पराग सौरभ श्याम अलिमन भावहीं।
ध्यान मगल हेतु सुख को धन्य जिन्ह उर आवहीं ॥१८॥
दड पल परमाणु लव को लेसहू जे ध्यावहीं।
सहचरी तन धारि निश्चै जुगल सेवा पावहीं ॥
जुगल नित्य विहार सुख जो लेन कीजिय चाह है।
श्रीकिसोरी चरन रज बल एक यह निरवाह है ॥१९॥

प्रीति की जो रीति हिय सो प्रगट ऊपर देखिये।
परस्पर तन वर न अंबर सर्वथा रुचि लेखिये॥
पुष्प अतसी रंग को पट घाघरो कटि देस है।
बेलि बूटा विविध विधि के बनिक तासु विशेष हैं॥२०॥
धेनु रोचन चंदनादिक पूर मृगमद केसरम्।
सुगंध अमल अमोल औरौ सखीगण लीन्है करम्॥
श्रीकिसोरी हृदय पिय को नाम कृष्ण विलेखितम्।
अंग अंगन रंगदेवी अंगराग विलेपितम्॥२१॥
कंचुकी ता रंग ही सों अंग रच्छा रीति की।
काछनी कटि पर बंधी पचरंग धारी नीति की॥
अनन्य सहचरि भक्तजन मन रत्न जो निरनै किये।
रंग भेद अनेक तिनके प्रथक रुचि निज निज हिये॥२२॥
कटि किंकणी गति जाल की सबरंग मनि तामैं लगीं।
अपर भूषन स्वेत मनि मुक्ता अरुन कारैं जगीं॥
स्कंध दोऊ पहिरिये उपवीत जज्ञ जथा लहैं।
वध्यका चौतनी भूषन नाम ताको सब कहै॥२३॥
हृदय पीठि उभै दिसा ता मध्य चौकी सुठि बनी।
झूमका बहुरंग मनि तेहि बीच लटक्त छवि घनी॥
कंठ मनि सौभाग्य सूचक दोय लर तिलरी भनैं।
पंच सप्तक एक दस धुकधुकीलर लरहू गनैं॥२४॥
गुल्फ लौं ऐसें लसैं ते एक एक न तै बड़ी।
रंग रंग अनेक सोभित बीच बीच लटकै लडी॥
वनमाल परम रसाल अनुपम चरन परसत सुख भरी।
का कहुं सुखमा की अधिकता रूप सरिता गर परी॥२५॥
भुज लता जुग जन अभैप्रद भेद बाजू के घने।
दोय ओरी एक मध्यक बगल ताके द्वै बने॥
कोहनी ते उतरि कै इक पद्य कहावई।
और आगे हूँ पछेली रंग प्रथक जनावई॥२६॥
चारु चूरी नग विचित्रित वलय पहुँची जुगमता।
करपरण अंगुरीन मुद्रिका को भाव कहत असुगमता॥

मेहदी की बनिक ललिता हाथ रचि कीन्ही घनी ।
श्री प्रिया जू देखि हँसि कहि आजु तौ नीकी बनी ॥२७॥
भाल परम बिसाल पालक भाग्य सब जग की सही ।
सीस नेश सुवेस केश विशेष अनुपमता कही ॥
सोभा अधिक पुनि अधिकतर औ अधिकतम तीनौ गनी ।
त्रयभाग तेई गूथ कच रचि फूल मनि बेनी बनी ॥२८॥
सौंदर्यता जो वस्तु उद्घाटी उभै पाटी लसै ।
सो उमगि अलकन द्वार ह्वै द्वय रूप की सरिता खसै ॥
मध्य रेखा माग की सिदूर सो मन लाल है ।
तिलक रग अनेक रचना पीय अटकन जाल है ॥२९॥
सहचरिन के हीय मै जो छटा स्यामा की बसै ।
सब समिटि सो भई चन्द्रिका दीन्हैं सिरोपरि सो लसै ॥
बगल दोउ श्रवण ताई किरिण मडल पाति हैं ।
चपा कली आकार ताको ऊर्ध्व सोभित भाँति हैं ॥३०॥
अग्रभाव झुकाव लीन्हैं बदिबे ना नाम है ।
मध्य के जे केस तिन पर जाल मनिगन काम है ॥
कान आगे मकर कुडल किरण बदी जर लगे ।
करणफूलहु श्रवण विवरन दुहुन मै झूमक पगे ॥३१॥
झूमकन मैं लटक लोलक जटिल बहुविधि पेखिये ।
अलक आगे झलक तैसी कुडली गत लेखिये ।
सेनाधिपति वे नाम नौ शृगार भूप चमू खरी ।
चद्रिका हू मध्य जानों विजै ध्वज ठाढी करी ॥३२॥
सव्य साची भूप मोई विकट भृकुटी धनु लिये ।
नैन परम उदार दस रस रूप करि आगे किये ॥
झुकत झूमत अरत घूमत मत्त मथर गति लहैं ।
शृगार भूप अपार बल पूरन जुगल भट एक हैं ॥३३॥
सान मान गुमान जिय गुनि अपर धनु कुडल कियौ ।
बेसरि ढिगारै धरी नावक लटक लटकन सर दियौ ॥
नासिका पुट वाम सो नय दच्छ बेसरि त्यौं जगी ।
कहौ उपमा ढूँढ़ि कोऊ मो हिये ऐसी लगी ॥३४॥

मद हास्य कृपाण कैसी छटा छूटत छवि घनी।
चिबुक स्यामल बिंदु सौभग सिमिटि याही अग तनो ॥
विविधि भूषन सुमन नख सिख प्रभा देखत ही बनी।
माधुरी भर भार अनवधि सकल रस पूरी अनी ॥३५॥
उत्तरीयक फव्यो पाछैं नील अबर नाम है।
रूप सागर उमग पावन मानो वेला ठाम है ॥
क्रीडा कमल कर पद्म लीन्हें मुकुर सनमुख देखहीं।
सहचरी गण पुष्प बरषत सफल जन्म विलेखहीं ॥३६॥
या भाँति करि शृ गार स्यामा वर सिंघासन राज ही।
आपुही लखि रूप अपनो आपु ही जिय लाज ही ॥
सहचरिन के वृद बनि बनि आय मस्तक नाव हीं।
रागभेद प्रबध सुरलै प्रिया जस अस गावहीं ॥३७॥
रूप सागर छवि तरगै अग उगम अगाधुरी।
नैन भरि भरि देखि लीजै श्रीप्रिया तन माधुरी ॥
आज लाज बिसारि जो कहुँ लाल देखन पावहीं।
अपार बल शृ गार नृप को पेखि धीर गवावहीं ॥३८॥
यह बात श्री ललिता गुनी मन सुनो री आला सबै।
दोऊ सनमुख कीजियै सुख लीजियै अनवधि सबैं ॥
विचार ऐसो करो निज निज रूप द्वय द्वय धारियै।
एक लाड़िलि ढिग रहै तन एक पिय पैं सारियै ॥३९॥
द्वते तौ एकै सिंघासन मध्य अतर पद करै।
सहचरिन के सग बातन लगे सुनि कछु ना परे ॥
सब जूथ ललिता सग लीन्हैं आय पद वदन किये।
स्वामिनो छवि रग भीनी नैन बैनन सो हिये ॥४०॥
दसा तिनकी जानि जिय पिय आपुही पूछन लगे।
लाड़िली जो अग सोभा नित्य नूतन चित पगे ॥
ललिते ललितभाषिनि कहो का हीय मैं अति सुख भरौ।
मोहि तौ आधार सोई हस्त दै टेरौ खरौ ॥४१॥
धरि धीर अति कर जोरि ललिता विनै वानी चातुरी।
रूप कौ वृत्तात भाख्यौ सुनत पिय भइ आतुरी ॥

करौ वेगि उपाय ललिते ज्यौं लहैं सुख नैन ये।
तुम बिना नहि और कारन सत्य भाखौं वैन जे ॥४२॥
ललिता कहैं महराज सुनिये अवै वह सुख लीजिये।
सकल भाँति सिंगार अपनौ रीझि हित सब कीजियै॥
हस्त गहि मृदु बोल बोले अहो ललिते ज्ञाननी।
आजु तौ निज संग लै कै देहु झाँकी भामिनी ॥४३॥
सिंगार कीजे सौंज सहचरि सबै कर लीन्हे खरी।
इहै निज आधार जिनकैं सदा या आनंद भरी॥
शृंगार करिवे हेत ललिता सीस नय बैठी लगे।
प्रथम तो भरि नैन पीवत रूप नखसिख सौं पगे ॥४४॥
जो रूप ललिता हिये राख्यो भाखि कापैं जात है।
कृपा इनहीं की लहैं नहि और यामै बात है॥
सौंदर्य्य महिमा कहत हारे पार काहू ना लह्यौ।
चित्त अपने बोध कारन यथामति सब ही कह्यौ ॥४५॥
कहैं ललिता सुनौ आली स्याम तन श्री माधुरी।
जबै देखो नित्य नूतन रूप सिंधु अगाधुरी॥
जीह द्वारे कहन हित जा कीजियै उनमान है।
देखियै नहि वस्तु ऐसी स्याम अंग समान है ॥४६॥
कहैं बिन मन ना रहै तौ जुक्ति ऐसी कीजिये।
अतिसिका के पुष्प पर मनि स्वेत भाजन दीजिये॥
उदै जो वा समै सोभा नैन भरि सो लीजिये।
मूढताई कहत है पै चित्त माहि पतीजिये ॥४७॥
निज अंग उपमा दैन हित जिय माहि प्रभु इच्छा करी।
नैन मुख कर चरन ते सुचि कमल श्रेणी लखि परी॥
इच्छा जनित जे कंज तेऊ अंग देखत लाजई।
सकल समत है इहै ए अंग अनुपम राजई ॥४८॥
सकल सौभगता भरे जुग चरन सर्वाराध्य हैं।
अमित अडन भक्त जैते होहि भजि निरुपाध्य हैं॥
धन्य जय जय शब्द कहि श्रीचरन ललिता कर लिये।
पाद तल सुभ चिह्न देखे अधिक सुख उपज्यौ हिये ॥४९॥

पेखो सखी ए चिन्ह पिय के चरन अति नीके लगैं।
निहारि दृढ़ उर धारिये अनुराग प्रेमादिक जगैं॥
चरन दच्छिन सुभग लच्छन उर्द्ध रेखा पद्म है।
वज्र अकुश छत्र जय ध्वज चक्र मगल सद्म है॥५०॥
अष्टकोणक स्वस्ति चारयौ पच जबूफलधरम्।
चिन्ह द्वादश चित्त उनके काम पूरक निधि परम्॥
लाल के श्रीवाम पद मैं चिन्ह एतै देखिये।
सख अम्बर धनुष गोपद अर्धचद्र विलेखिये॥५१॥
त्रई कोणक तीन कूरम मीन बिंदु सुचारि है।
पाइहैं ते परम पद जे चरन चिह्न निहारिहै॥
अगुली दल चारु नख श्रेणी छटा ससि उर धरै।
या हेतु ते जन ताप तम हरि सीत करि अमृत करै॥५२॥
पाद पृष्ठ विलोकि आली लोक सुन्दरता लजैं।
अष्टगध सुगध सौरभ पत्र लेखित अति सजैं॥
अनन्य भक्तन के कहे मन रत्न पूरव गायकैं।
रग भेद अनेक तिन मैं पृथक रुचि जिय पायकैं॥५३॥
कृपा की यह अवधि जानो भक्त मन भूषन किये।
आपने दृढ मानि कै पुनि करि प्रसादी तिन दिये॥
धन्य तेई मन अहो जे जुगल तन लागे रहैं।
इन बिना जिय और धरि जमराज पुर पागे रहैं॥५४॥
अग अगन तेई भूषन लागि अति सुख पावहीं।
जो जहाँ भरि प्रेम ललिता सुनहु जिमि पहिरावहीं॥
कहैं चुटुकी नाम जिनको अगुरिन मै देखिये।
पद परण शृ खल पैंजनी औ नूपुरादि विशेखिये॥५५॥
गोल गुल्फ कपोल रति के देखि फीके मानिये।
जानु जघा ऊरु रभा खभ उलटे जानिये।।
गोलता औ सरलता हित कहत सब उनमानिकैं।
जे अग अनुपम दिय उपमा लाज छोत बखानिकैं॥५६॥
प्रिया तन दुति चरन अवर पीत पट कटि देखिये।
प्रीति की अति अवधि ऐसी देखतें सुख लेखिये॥

नाभि अति गभीर त्रिवली उदर डोलत स्वास तें।
वक्ष परम विसाल उमगत प्रिया नेह विलासते ॥५७॥
अगुली परिमान द्वादश पीत रेखा थान है।
वक्ष बाईं ओर कहि श्रीवत्स चिन्ह बखान है॥
तन फब्यौ चदन बेलि बूटा चित्र रग विनीति सौं।
तापैं धर्यौ पटपीत सूच्छम अगरखा रीति सौं ॥५८॥
काछनी पचरङ्ग तापै किकिनी मनि जाल है।
रङ्ग भेद अनेक मनि गन मुख्य हरित औ लाल है ॥
मुरलिका ता मध्य खोसी बाम ओरी प्रेम सों।
झूमका जामैं लगे सुभ हेठ ऊपर नेम सो ॥५९॥
वध्यका के मध्य चौकी बीच झूमक हाल हैं।
श्रीकठ मै कठा लसैं लर अपर विसद विसाल हैं ॥
धुकधुकी लर लर लगी मनि चित्र रङ्ग अनूप है।
पदिक भावित कौस्तुभ जेहि वेद गावत रूप है ॥६०॥
एक एकन ते बड़ी इमि गुल्फ लौं मनि दाम है।
कठ लै अगुष्ठ पद भरि वैजयती नाम है॥
उच्च कध विसाल भुज आजानु लबित जुगम है।
करिसुड के आकार जन प्रतिपाल हित अति सुगम है ॥६१॥
ब्रह्माड जे अनिगनित तिन मैं विनय अविनय कहत जो।
सौदर्य्यता वर माधुरी भुजदड सीवा लहत सो ॥
श्रीहस्त ललिता दाहिनौ लै धर्यो अपने काधहीं।
बाजू विजायठ अगदादिक मजु गति तें बाध हीं ॥६२॥
हस्त पृष्ठ कबलै पहुँची भेद इनके जे कहैं।
सकल भाँति विभूषि भुज जुग निरखि मन आनद लहै ॥
करपरण अगुरिन मुद्रिकन की पानि अति नीकी बनी।
नखन मेंहदी अरुणताई पेखि नैनन ही तनी ॥६३॥
सीस मडित चिकुर मेचक घूघरे अति लब है।
रूप सागर ज्यौं लसैं सैवाल जाल अलब हैं॥
अर्धचद्राकार सूते भाल पर बगलन तथा।
समेटि करि त्रय भाग गूथे फवित हैं मनिगन जथा ॥६४॥

सुखमा प्रभा सोभा मिली जनु तीनि की बेनी बनी।
पीठि माधौ लगि बिलौलै बात साची सो गनी॥
भाल सौभगता थली तापै तिलक रचना करी।
पत्र मकरी जुग कपोलन रूप निधि चाकी धरी॥६५॥
केसरी फेटा सज्यौ रुकि दाहिनी कछु ओर है।
मुकुट वर्हापीड ऊपर धर्यो सुषमा छोर है॥
टोपिका चहुँ ओर नीचें कोर ऐसी देखिये।
अरुण मनि मनिया सुराही दार पाती लेखिये॥६६॥
तुर्रा दुहूँ दिसि झूमही कलगी तथाविधि लटकती।
उतरि कछु सिर पेच कलँगी अपर मन की अटकती॥
भाल ढिग जो कोर फेटा तहाँ हूँ ऐसै सुनो।
हरित मनि मुक्ता लगे आकार वदी को गुनो॥६७॥
सिर पेंच झूमक तीरते दोऊ ओर कानन लौं बँधी।
तास हू के मध्य वेना छोर झूमक द्वै सधी॥
कान आगें मकर कुंडल बगल दोऊ जगमगे।
वदिका के छोर झूमक तासु के नीचे लगे॥६८॥
श्रवन छिद्रन मैं यथाविधि करणफूलहु जानियें।
दुँहुँन मैं झूमक लगे लोलक तहाँ परिमानिये।
कुंडली गति अलक लटकैं रूप सर झरना मनो।
कूल ताके दोउ ओरी वक्र भृकुटी सो गनो॥६९॥
मरालि गन सखि मोद हित जुग नैन पद्म बिलास है।
दीरघटरारे कोर वारे डोर अरुण विसाल है॥
बडे भारे भरे पानीय सील सागर ऐन हैं।
किंजल्क वरुनी रेख अंजन प्रिया रंजन सैन हैं॥७०॥
नासिका पुट दच्छ मंडल नत्थ आभा भौं रहै।
वाम बेसरि कुमुद विकसै बुलाक लटकन जो रहै॥
रूप सर प्रतिबिंब भावित अर्द्धचद्र तरंग है।
मदहास प्रकास सोई मधुर बोल उमंग है॥७१॥
चिबुक शोणित बिंदु उपमा लहत कौन समान है।
जलगर्भ मैं ज्यौं अरुण मनि अति विमलता तें भान है॥

कुसुम के आभरन बहु विधि अग प्रति सोभा लई।
सुमन सौरभ गूथि कलगी दच्छ हस्तें सो दई ॥७२॥
रूप नखसिख देखि ललिता अधिक उर आनद छयौ।
स्वच्छ पौंछि बनाय दरपन बिहसि सुख सनमुख दयौ ॥
बडी बारि निहारि कै निज रूप जिय ऐसी भई।
लाड़िली के रीझ कारन जतन तौ आछी सही ॥७३॥
प्रसन्नता अति जानि सहचरि सकल चरनन मैं परी।
धन्य जय जय सब्द कहि चहुँ ओर फूलन झरकरी ॥
हेरि ललिता ओर बोले विहसि मृदु बानी अमी।
कहो ललिते याद है वह बात सुनि कैसो हँसी ॥७४॥
आजु लाल अकोर जो कछु दीजिये हम हाथ है।
श्रीकिसोरी रूप ढिगहीं जानिये निजु साथ है ॥
श्रीहस्त तें गहि पानि ललिता कहा तुम न्हैं दीजिये।
सत्य भाखौं सवथा यह गात निज करि लीजिये ॥७५॥
बार बार बलाय लै कर जोरि चरनन मैं परी।
धन्य पिय के वचन सुनि अति सहचरी सब सुखभरी ॥
वदना पुनि चरन कीन्हे बिदा ह्वै तहवा चली।
कछु सहचरि रही पिय पै कछू तिन सगै रली ॥७६॥
आय सनमुख लाडिली के दडवत वदन कियो।
बहुरि उठि लखि माधुरी कर जोरि चरनन सिर दियो ॥
बार बार अपार छवि अति भार पेखि सकोचही।
लगै जिन कहुँ डीठि मोरी तोरि तिनुका मोचही ॥७७॥
वचन दै सनमान श्री मुख विहसि मृदु बानी कहीं।
अहो ललिता कहाँ हो तुम इहाँ तो देखी नही ॥
गहर की भय मानि कछु जिय जोरि कर नय बोलही।
तेज स्यामा को अधिक अति वरन कठ विलोल ही ॥७८॥
महारानी बीन के हित गई ही निज कुज मैं।
आवतें जो भई पति सो कहत लाजौं पुज मैं ॥
बीन कांधे धरे आवत हरे नाम उचारती।
श्री किसोरी प्रिये राधे प्रेम विवस पुकारती ॥७९॥

सुखमा प्रभा सोभा मिली जनु तीनि की बेनी बनी।
पीठि माधौ लगि बिलौलै बात साची सो गनी॥
भाल सौभगता थली तापै तिलक रचना करी।
पत्र मकरी जुग कपोलन रूप निधि चाकी धरी॥६५॥
केसरी फेटा सज्यौ रुकि दाहिनी कछु ओर है।
मुकुट बर्हापीड ऊपर धर्यो सुषमा छोर है॥
टोपिका चहुँ ओर नीचें कोर ऐसी देखिये।
अरुण मनि मनिया सुराही दार पाती लेखिये॥६६॥
तुर्रा दुहूँ दिसि झूमही कलगी तथाविधि लटकती।
